हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

11 कलेक्टर चन्द्रवाल ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



12 आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 200 लोगों की जांची गई सेहत...





Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### पानी टंकी जर्जर नहीं हो रहा उपयोग



**बालोद**। नल जल योजना के तहत ग्रामों में बनाए गए पानी टंकी की खस्ता हालात का एक और उदाहरण सामने आ रहा है जहां पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन पानी टंकी की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि निर्माण के दो साल के अंदर ही पानी टंकी से लिकेज आना प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण ग्राम में लोगों को पानी टंकी के माध्यम से सही स्तर पर पानी प्राप्त नहीं हो रहा है और लोग पानी टंकी होने के बाद भी पीने के पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। जिसके तहत ग्राम बेलोदा के ग्रामीणों ने ग्राम में स्थापित पेयजल टंकी में लिकेज की समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम बेलोदा ग्राम पंचायत बेलोदा के ग्राम बेलोदा में स्थापित पेयजल टंकी का निर्माण वर्ष 2020–21 एवं गोदुलमुडा में स्थापित पेयजल टंकी का निर्माण वर्ष 2021–22 में पीएचई विभाग डोण्डी के द्वारा हुआ है। जो कि आज भी चालू नहीं हुई है और उसमें लिकेज भी है। इस वजह से हम सब ग्रामीणजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतः हम समस्त ग्रामवासी आपसे निवेदन करते हैं कि इस पेयजल टंकी को सुधार करवाने की कृपा करें।

### बच्चों को प्रशिक्षण देने प्रशिक्षक 13 तक कर सकते हैं आवेदन

**बालोद**। जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि बालोद जिले के 385 उच्च प्राथमिक शालाओं में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत जुडो, कराटे, ताईक्वांडो, किक बॉक्सिंग, मार्शल आर्ट आदि का प्रशिक्षण प्रशिक्षकों के माध्यम से दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक प्रशिक्षक 13 दिसबर 2024 तक आवेदन पत्र का प्रारूप जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कलेक्टोरेट भवन बालोद के कक्ष क्रमांक 68 में कार्यालयीन समय में प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं।

### विधानसभा सत्र 16 से 20 तक, अवकाश पर प्रतिबंध

**बालोद**। छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का चतुर्थ सत्र 16 से 20 दिसंबर तक आहूत किया गया है। इसके अंतर्गत विधानसभा चतुर्थ सत्र के दौरान अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा। अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि विधानसभा के चतुर्थ सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने के लिए अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधानसभा चतुर्थ सत्र 2024 के दौरान कलेक्टर की बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। इसके साथ ही कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए उनके नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाईल नंबर की जानकारी इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे अत्याचार के विरोध में उतरे नागरिक

# हिंदुओं की हत्या, मन्दिरों में तोड़फोड़, हिंदू संतों की गिरफ्तारी, महिलाओं पर अत्याचार बंद हो







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


बांग्लादेश में कट्टरपंथी विचारों को लेकर काम करने वाले जेहादी संगठनों द्वारा सरकार की शह पर वहां निवासरत अल्पसंख्यक हिंदुओं की हत्या, मन्दिरों में तोड़फोड़, हिंदू संतों की गिरफ्तारी महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार की बढ़ती घटनाओं के विरोध में मंगलवार को बालोद शहर के जय स्तम्भ चौक में सर्व हिन्दू धर्म समाज सुरक्षा मंच बालोद जिला संगठन के नेतृत्व में जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया और आक्रोश रैली निकाली गई।

■ हल्ला बोल प्रदर्शन कर निकाली गई आक्रोश रैली

शहर के जयस्तंभ चौक में जिले भर से बड़ी संख्या में मातृशक्ति व युवा इस आक्रोश रैली में पहुँचे थे, जहां मुख्य वक्ता के रूप में जगदीश देशमुख व पुरषोत्तम राजपूत व राजेन्द्र राठी ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने बांग्लादेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए हिन्दुओं पर हमले बन्द करने को कहा। उन्होंने कहा कि भारत का हर हिन्दू बांग्लादेश में रहने वाले अपने हर हिंदू भाई बहनों के साथ खड़ा है।

जेहादी कट्टरपंथियों का मंसूबा कभी भी कामयाब नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ हम सभी एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे। आज पूरे देश के हिन्दुओं ने बांग्लादेश सरकार को यह बता दिया है कि अगर अब भी अत्याचार जारी रहा, तो ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। अब हिन्दू चुप नहीं बैठेगा

#### राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन




हल्ला बोल प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बहनें भी शामिल हुईं। हाथों में बांग्लादेश सरकार होश में आओ, हिन्दुओं पर अत्याचार बन्द करो नारे लिखे हुए पट्टिका लिए नाराजगी व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम के अंत में सर्व समाज सुरक्षा मंच के जिला संयोजक बलराम गुप्ता सहित अन्य नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेन्द्र राठी, संतोष साहू, विनोद साहू, संयोजक आयोजन समिति बलराम गुप्ता, पवन साहू, यसवंत जैन, राकेश यादव, देवलाल ठाकुर, यज्ञदत्त शर्मा, जगदीश देशमुख, पुरुषोत्तम राजपूत, सत्या साहू, राकेश साहू, चौलेश देशमुख, ढाल साहू, परस साहू, संजय बैस, स्वाधीन जैन, सौरव लुनिया, पूजा जैन, स्वेता राजपूत, ममता यदु, कमल बजाज, मोनू सोनवानी, रोहणी साहू, उषा साहू, उमेश सेन, तुषार डिमर, भरत साहू, कार्यवाह योगिता शर्मा, जिला व्यवस्था प्रमुख जितेंद्र पटेल, भारत स्वाभिमान जिला अध्यक्ष मुकेश आरदा, स्वयंसेवक महेंद्र जायसवाल, नगर कार्यवाह छगन यादव, स्वयंसेवक हर्ष साहू, जिला शारीरिक प्रमुख जितेंद्र साहू, पूजा जैन, बजरंग दल नगर संयोजक प्रदीप मिनपाल सहित अन्य हिंदूवादी कार्यकर्ताओं की प्रमुख उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन कृष्णा साहू तथा आभार प्रदर्शन महेंद्र जायसवाल ने किया।

## बारिश में ढह गया मकान, 4 माह बाद भी नहीं मिला मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद


ग्राम सेम्हरकोना के यादराम सिन्हा ने मकान क्षतिपूर्ति की राशि प्रदान करने की मांग को लेकर जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

श्री सिन्हा ने बताया कि 30 जुलाई 2024 को उनका कच्चा मकान बरसात के पानी के कारण गिर गया है। इसकी सूचना तहसीलदार बालोद एवं ग्राम पंचायत में आवेदन के माध्यम से क्षति पूर्ति राशि के लिए दी गई थी, लेकिन अभी तक क्षतिपूर्ति की राशि नहीं मिली है। श्री सिन्हा ने आरोप लगाया कि तहसील कार्यालय एवं ग्राम पंचायत में जाकर पता करने पर वहां बाबू एवं पंचायत कर्मचारी कोई जवाब नहीं देते।



## ग्राम तरौद के ग्रामीणों ने की पुल-पुलिया बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



पुल-पुलिया न होने के कारण खेती किसानी करने में किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए ग्राम तरौद के ग्रामीणों ने पुल-पुलिया बनाने की मांग की है। ग्राम तरौद माईनर (सिचाई) के अन्तर्गत पुल निर्माण कार्य कि स्वीकृति के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत तरौद में तरौद माईनर का लाईनिंग कार्य एवं तरौद एकवा डकर का कार्य प्रारम्भ होने वाला है। अतः वार्ड क्रमांक 05 में माईनर से लगे हुए खेतों में आवागमन के लिए पुल–पुलिया का आवश्यकता है। समस्त किसानों को खाद, बीज एवं अनेक कार्यों के लिए आने–जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए सभी किसानों ने पुल–पुलिया के लिए स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

## डोंडी व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

डोंडी व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को सैकड़ों व्यापारियों व नगर के गणमान्य जनों के बीच शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण का कार्यक्रम नगर पंचायत के सा मु दा यि क भवन पुलिस ग्राउंड में आयोजित किया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी रहे। गत दिनों त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए थे। उसके बाद सादा समारोह के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पदाधिकारियों को गोविंद वाधवानी ने शपथ दिलाई।

■ सामुदायिक भवन पुलिस ग्राउंड में हुआ शपथ ग्रहण







डोंडी व्यापारी संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि में राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा नगर पंचायत अध्यक्ष सोमेश सोरी, उपाध्यक्ष डॉ रुपेश नायक वरिष्ठ भाजपा नेता शुभ सिंह कोरेटी उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों का सम्मान डॉडी व्यापारी संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तिलक दुबे उपाध्यक्ष कमलेश कामले सचिव नन्द लोनहरे कोषाध्यक्ष जगत यादव द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते राजहरा व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा ने कहा कि संगठन हमेशा व्यापारी हितों व उनकी समस्याओं के लिए कार्य करता रहे। वहीं, समस्त व्यापारी नेताओं व व्यापारियों के द्वारा नवगठित व्यापार संघ कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी गई साथ ही आशा की गई नवगठित संगठन के पदाधिकारी हमेशा व्यापारी हितों व संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे तथा संगठन को राजनीति से दूर रखेंगे। व्यापारी नेताओं ने कहा जब-जब अपने हितों और हको के लिए व्यापारियों ने आंदोलन किया है बड़ी-बड़ी सरकारों ▶▶| शेष पेज 11 पर

## सेजस दुधली के स्काउट्स ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश...



**डौंडीलोहारा**। सेजस दुधली के सुभाष दल के स्काउट ने यूनिट लीडर मिलन सिन्हा के नेतृत्व में बालोद से राजनांदगांव मुख्य मार्ग मालीघोरी पर राहगीरों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान लोगों से यातायात के नियमों के पालन करने का आग्रह किया गया। मोटर साइकिल पर चल रहे तीन सवारी को समझाया गया और भविष्य में कभी भी तीन सवारी नहीं चलने का संकल्प कराया गया। अपनी तथा परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट को अनिवार्य रूप से पहनने का आग्रह किया गया। स्काउट में चंदन देशमुख, राजवीर भट्ट, कोनाल देशमुख, बालकृष्ण ,मानव कौशिक, अभय, राहुल, भूपेश ने अभियान में भागीदारी किए। प्राचार्य श्रीमती दुर्गेश नंदिनी यादव ने स्काउट के इस प्रकार जन जागरूकता की सराहना किए। समस्त स्टाफ एवं शाला प्रबंधन समिति ने इस प्रकार के कार्यों की प्रशंसा की।

### नागरिकों को सुविधा देने जिला प्रशासन ने जारी किया वाट्सएप नंबर

# नागरिक अब बिना कलेक्टोरेट पहुंचे बता सकते हैं समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की सहुलियत एवं किसी कारणों से जनदर्शन में नहीं पहुँच पाने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन तक अपना सुझाव, शिकायत और प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करने हेतु व्हाट्सएप्प सुविधा प्रारंभ की गई है।

■ व्हाट्सएप्प नंबर 9425242981 पर बता दर्ज करा सकते हैं, सुझाव, शिकायत, मांग

इसके माध्यम से जिले के कोई भी नागरिक कलेक्टोरेट या जिले के कोई भी कार्यालय में पहुँचे बिना कलेक्टर एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को अपना सुझाव, शिकायत और प्रतिक्रिया देते हुए जिला प्रशासन से संवाद कर सकता है। इस नई व्यवस्था के तहत कोई भी आवेदक एवं नागरिक जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप्प नंबर 9425242981 पर बातचीत की शुरूआत कर सकते हैं। जिले में इस नई व्यवस्था की शुरूआत से जिले के आम नागरिकों एवं आवेदकों को अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए संयुक्त जिला कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन के अलावा कलेक्टर से मुलाकात करने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय में आने की आवश्यकता नही होगी।



#### समय एवं श्रम की होगी बचत

इस तरह से कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की विशेष पहल पर बालोद जिला प्रशासन द्वारा इस नई व्यवस्था के तहत जिले के आम नागरिकों के समय एवं श्रम की बचत के अलावा बार–बार शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से निजात दिलाने का अभिनव प्रयास किया गया है। कलेक्टर चन्द्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में उपस्थित आम नागरिकों को जिला प्रशासन की इस नई व्यवस्था की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए इसकी शुरूआत की गई है। चन्द्रवाल ने कहा कि इसके शुरूआत हो जाने से अब आम नागरिकों एवं आवेदकों को अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु बार–बार कलेक्टोरेट आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि इसकी शुरूआत होने से आम जनता का समय एवं श्रम की भी बचत होगी। इस दौरान अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, ईडीएम इन्द्रजीत सेन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक 6 को

**बालोद**। पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से रखी गई है। अध्यक्ष डॉ. आरएम. चावड़ा ने बताया कि उक्त दिवस भारतीय स्टेट बैंक शाखा बालोद द्वारा पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सम्मान समारोह रखा गया है। बैठक में वार्षिक सदस्यता के बारे भी चर्चा की जाएगी। साथ ही आने वाले दिनों में पेंशनरों का वार्षिक सम्मलेन बस्तर संभाग होना है, जिसकी तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी।

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### शक्ति केन्द्र कचांदुर के बूथ अध्यक्षों का किया गया चयन

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल गुण्डरदेही के शक्ति केन्द्र कचांदुर के अंतर्गत ग्राम साजा में बूथ क्रमांक 219, ग्राम देवरी (क) बूथ क्रमांक 218, ग्राम खर्रा बूथ क्रमांक 182 में बूथ कमेटी का गठन किया गया। साजा बूथ में पुरानिक साहू, देवरी बूथ में छत्रपाल देशमुख, खर्रा बूथ में पूना राम देशमुख को सर्वसम्मति से बूथ अध्यक्ष बनाया गया एवं बूथ सचिव टीका राम साहू, तामेश्वर साहू, घनेद्र तिवारी को बनाया गया।
शक्ति केन्द्र प्रभारी थानसिंह मंडावी, सह प्रभारी देवकुमार साहू के मार्गदर्शन में बूथ कमेटी का गठन किया गया, जिसमें 25 सदस्यों को सर्व सम्मति से बनाया गया। इस अवसर पर प्रेमा बाई देशमुख, ममता तिवारी, अजय देशमुख, टहल सिंह चंद्राकर, गीतेश देशमुख, थलेश चंद्राकर, गजेन्द्र साहू, जयपाल साहू, लेख राम साहू, चुम्मन साहू, डामेंद्र सेन, नागेंद्र साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कौशल एवं दस्तावेज परीक्षण 9 को

**बालोद।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत डब्ल्यू.डी.टी. यांत्रिकी एवं लेखापाल सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के स्वीकृत 02 संविदा पदों पर भर्ती के लिए अंतिम पात्र–अपात्र सूची जारी कर दी गई है। उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधन ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत डब्ल्यू.डी.टी. यांत्रिकी एवं लेखापाल सह डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के स्वीकृत संविदा पदों पर दावा आपत्ति उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची जारी की गई है। जिसे जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर अवलोकन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अंतिम पात्र अभ्यर्थियों के मेरिट सूची के आधार पर कौशल एवं दस्तावेज परीक्षण 9 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से शासकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान बालोद में आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथि एवं स्थान में अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के साथ परीक्षा से 01 घंटे पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए कौशल एवं कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा में शामिल होने के लिए पृथक या व्यक्तिगत रूप से कोई पत्रचार जारी नहीं किया गया है। इसके साथ ही अभ्यर्थी की अनुपस्थिति की स्थिति में उम्मीदवारी स्वमेव निरस्त मानी जाएगी।

### लगाए गए वन औषधि व खाद्य सामग्री के स्टॉल



**बालोद।** जिले के वन विभाग द्वारा वन धन योजना के तहत कलेक्टोरेट में स्टॉल लगाया गया। वन विभाग ने विभिन्न प्रकार के वन औषधि और खाद्य सामग्री स्टॉल में रखी गई। जिसकी खरीददारी जन दर्शन में पहुंचने वाले लोग कर रहे थे।

### बिजली विभाग की लापरवाही, आमजन को पड़ सकती है भारी

**परपोड़ी।** नगर में विद्युत विभाग की लापरवाही से दुर्घटना की आशंका बनी हुई। बस स्टैंड से वार्ड नम्बर 10 जाने वाले मार्ग पर बिजली का तार जमीन के काफी नजदीक आ गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं। अभी धन कटाई का सीजन है। यदि ट्रैक्टर ट्राली में पैरा आदि भरकर लाते ले जाते तार से टकरा गया, तो आग भी लग सकती है। तार इतना नीचे है कि बच्चे भी तार को लकड़ी या किसी अन्य वस्तु से छू भी सकते हैं। यदि जल्द ही इसे ऊपर नहीं किया गया, तो विद्युत विभाग की लापरवाही का नतीजा आमजनों को भुगतना पड़ सकता है। लेकिन गार्डन के बाजू वाले मार्ग पर विभाग की लापरवाही भारी पड़ सकती है।

## मोहारा में आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने बताए आयुर्वेद के लाभ

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर में 200 लोगों की जांची गई सेहत, स्वस्थ रहने के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम मोहारा में मासिक स्वास्थ्य एवं जन जागरण शिविर का आयोजन शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय अरमरीकला एवं ग्राम पंचायत मोहारा के तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सा संघ रायपुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे, अध्यक्षता सभापति ग्राम पंचायत मोहारा जोहनी साहू ने की। विशेष अतिथि पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा बोधराय हिरवानी, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति मोहारा केशव रामधनकर, पूर्व गोठान समिति अध्यक्ष मोहारा सूखित राम नायक, मोहन बंजारे थे। इस अवसर पर शिविर के प्रभारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुर्वेद औषधालय अरमरी कला डॉ एमसी बंजारे एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुर्वेद औषधालय हल्दी डॉ प्रियंका ठाकुर ने आयुर्वेद के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक युग में आप सभी से मेरा निवेदन है कि आयुर्वेद का उपयोग करें और अपने शरीर को स्वस्थ रखें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने कहा कि ग्राम मोहारा में शिविर लगवाएं उसके लिए आभार व्यक्त किया और सभी से निवेदन किया गया कि आयुर्वेद का उपयोग करें और अपने शरीर को स्वस्थ रखें क्योंकि आजकल खान पान इतना बिगड़ चुका है जिनके कारण हर व्यक्ति के शरीर में शुगर बीपी हाई हो रहा है और बीमार पड़ रहे हैं, इसके कारण आप सभी से निवेदन है कि आप आयुर्वेद का उपयोग करें और अपने शरीर को स्वस्थ रखें और जीवन को धन्य बनाएं। इस अवसर पर राजेश कुमार चुरामन साहू, नीलकमल, किरण साहू, तोरण लाल यादव एवं ग्राम के ग्रामीण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में लगभग 200 मरीजों ने इलाज करवाया है और शिविर का लाभ लिया इस कार्यक्रम का संचालन शिविर के अधिकारी ने किया और कार्यक्रम का आभार प्रियंका ठाकुर ने किया।



## गौठान में खराब हो रहा वर्मी कम्पोस्ट, महिलाओं ने की बिकवाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

महिला स्व सहायता समूह द्वारा अपने परिश्रम व लगन से शासन की योजना गोधन योजना को सफल बनाने के लिए गौठान में वर्मी कम्पोस्ट बनाने का काम किया गया, लेकिन वर्मी कम्पोस्ट को प्रशासन द्वारा नहीं उठाया गया। इसके कारण वर्मी कम्पोस्ट गौठान के गोदाम में रखे रखे खराब हो रहा है।

इसके तहत गौठान में उपलब्ध (उत्पादित) वर्मी खाद को विक्रय करवाने के संबंध में ग्राम करहीभदर कन्नेवाड़ा निवासी मीना बाई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि आदर्श गौधन कन्नेवाड़ा में स्व सहायता समुह जय श्री कृष्णा द्वारा गौठान कन्नेवाडा में वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन किया गया था, जिसकी मात्र 506 बोरी है और टांके में भी बन कर तैयार हो चुका है, जिसे वर्तमान में नहीं निकाला गया है। निकाले गये वर्मी कमोस्ट की मात्रा 506 बोरी गोदाम में रखी है। महिलाओं ने वर्मी कम्पोस्ट के जल्द विक्रय करने की मांग की है।

## पोंड़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिनों का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

मंगलवार को ग्राम पंचायत पोंड़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों का सम्मान किया गया।

सचिव योगेश कुमार साहू ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों के माध्यम से मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का सम्मान किया जा रहा है। शासन के निर्देश के अनुसार आज महिलाओं का सम्मान किया गया। सरपंच नरसिंह चोरमार ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका हमेशा छोटे छोटे बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसलिए सम्मान जरुरी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता में केंवरा सोम, तुलसी पटेल पोंड़, खुलेश्वरी साहू, सुभाषनीन नांगे भैसमुडी एवं बेदबती उर्वशा प्रशिक्षक कोचवाही, बिरन नेताम मितान कार्यकर्ता जामून रावटे पोंड, सावित्री मंडावी, सुरेखाबाई पोंड, सक्रिय सदस्य तामेश्वरी साहू, कीर्ति सोम, नीलिमा, सावित्री का श्री फल व साड़ी देकर सम्मानित की गई। इस अवसर पर सुरेश नेताम, मनी नेताम, इतवारिन बाई, उमा बाई, राखी, भवानी, तामेश्वरी उपस्थित थे।

## साहू समाज ने सामाजिक भवन के लिए मांगी भूमि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

■ समाज के लोगों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सर्व साहू समाज आमापारा बालोद के लिये सामुदायिक भवन के लिए भूमि आबंटन के लिए सर्व साहू समाज वार्ड 12, 13 एवं 14 आमापारा बालोद द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि आमापारा बालोद के अंतर्गत बालोद नगर पालिका परिषद् के 03 बड़े वार्ड हैं, जो कि वार्ड क्रमांक 12, 13, एवं 14 आते हैं, ये सभी वार्ड साहू समाज बाहुल्य क्षेत्र हैं। आमापारा बालोद के समस्त झरिया साहू समाज के लिये सामाजिक गतिविधियों के लिये स्वयं का कोई भी सामाजिक भवन नहीं है। सामाजिक बैठकों के लिये अन्य किराये के भवन या निजी भवनों का सहारा लेना पड़ता है। साहू समाज के वैवाहिक, सामाजिक एवं अन्य कार्यक्रम भी किराए के भवन में करना पड़ता है, जिससे यहाँ के स्थानीय साहू समाज के लोगों को आर्थिक नुकसान होता है। आमापारा बालोद के साहू समाज के लिये सामाजिक कर्मा के निर्माण के लिये भूमि की आवश्यकता है। आमापारा बालोद पटवारी हल्का नंबर 06 बालोद में पर्याप्त मात्रा में शासकीय भूमि उपलब्ध है।

इसलिए समाज के सामाजिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए आमापारा बालोद अंतर्गत सामुदायिक कर्मा भवन निर्माण के लिए भूमि आबंटन किया जाए।

## स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय में हुई विविध स्पर्धाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

स्व पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम के रेड रिबन क्लब द्वारा एड्स जागरूकता पखवाड़ा के तहत एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ डीके बेलेंद्र ने शपथ दिलाई। रेड रिबन के विद्यार्थियों ने साइकल रैली प्रभारी अंजू रानी ठाकुर के मार्गदर्शन में निकाली। साथ ही महाविद्यालय के छात्रों के लिए प्रेरक नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान दीपेश निषाद, द्वितीय भुनेश्वरी तृतीय स्थान मोहित तथा दुर्गेश ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया । निर्णायक जीवंतिका ठाकुर रहीं। इसी तरहपोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान चित्रलेखा, द्वितीय स्थान टिकेश्वरी तथा भावना ने प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक पूजा सोढ़ा थीं। रंगोली प्रतियोगिता के विजेता मोहित ,आशीष,प्रथम,तथा द्वितीय स्थान में दीपेश चित्ररेखा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक अन्नपूर्णा यादव रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ सीमा जायसवाल वेदप्रकाश ठाकुर, डॉ ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ शिप्पी देवांगन .तथा अतिथि व्याख्याता ओमप्रकाश, कामता प्रसाद बंजारे,गोपाल पाली, येवेंद्र साहू तथा महाविद्यालय के रेड रिबन स्वयं सेवक नीलम यादव, परमेश्वर करुणा, सागर शैलजा आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय में शौचालय नहीं शिक्षक-छात्र परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



■ बेलोदा के ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

शासकीय स्कूल में शौचालय न होने के कारण छात्र छात्राओं को स्कूल से बाहर मैदान में जाकर प्रसाधन की व्यवस्था करनी पड़ रही है, जिसके कारण विद्यार्थियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जहां छात्र तो स्कूल से बाहर प्रसाधन के लिए जा ही रहे है लेकिन छात्राओं को भी स्कूल से बाहर जाकर प्रसाधन की व्यवस्था बनाने को मजबूर है। मामला ग्राम बेलोदा के ग्रामीणों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदा में शौचालय न होने के कारण हो रही परेशानियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि विकास खंड डौंडी के दूरस्थ वनाचल में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलोदा, विकास खंड डौंडी जिला बालोद कई वर्षों से शासन के उपेक्षा की शिकार बनी हुई है। इस विद्यालय में बालक एवं बालिकाएं एक साथ अध्ययनरत हैं, जिसमें बालकों की शौचालय विगत कई वर्ष से जर्जर होने के कारण बालक एवं शिक्षक खुले मैदान में पेशाब व शौच करने को मजबूर हैं। साथ ही शौचालय का गंदा पानी बेलोदा के निस्तारी तालाब में गिरता है, जिसके कारण गांव में महामारी बिमारी फैलने की आशंका बनी हुई है।

इसके संबंध में शासन को कई बार लिखित सूचना दिया जा चुका है लेकिन उच्च अधिकारियों के कान जूं तक नहीं रेंगा नहीं ही किसी प्रकार इस समस्या को हल करने का कोई प्रयास ही किया गया। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी बालोद, पी.डब्ल्यू डी विभाग, विकास खंड शिक्षा अधिकारी डौंडी को कई बार अवगत कराया गया।

## खुंदनी स्कूल की शिक्षिका ने कराया नेवता भोज...



**गुरूर।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत पीएम नेताम शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी ने शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के बच्चों को अपने जन्मदिन पर न्योता भोज खिलाया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला के प्रभारी प्रधान पाठक एचएल पटेल, शिक्षक एनआर साहू, पीएम नेताम, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक बीएस साहू, शिक्षक एलके ध्रुव, सीएम ठाकुर, ओपी साहू एवं रसोईया तामेश्वर साहू, फलिता साहू, चित्ररेखा उपस्थित थे।

## ग्राम मेढ़की में श्रीमद् भागवत कथा जारी, विधयक संगीता हुईं शामिल



**बालोद।** श्रीमद भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम मेढ़की बालोद पहुंच कर कथावाचक लोकेश शर्मा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक के साथ पुरूषोत्तम पटेल, यज्ञदेव पटेल, प्रेमचंद क्षीर सागर, कमल टुवानी, कमलेश श्रीवास्तव, चंद्रेश हिरवानी उपस्थित थे।

## एकलव्य महाविद्यालय में हुआ एड्स जागरूकता कार्यक्रम



**डौंडीलोहारा।** शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा में राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया।

एड्स जागरूकता के लिए निबंध,भाषण, रंगोली, पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध में प्रथम स्थान हिमांशी जगनायक बीएससी प्रथम वर्ष, भाषण में प्रथम स्थान नीमा बीएससी प्रथम वर्ष, पोस्टर मे प्रथम स्थान मानसी जगनायक बीएससी प्रथम वर्ष,स्लोगन मे प्रथम स्थान हर्षा यादव बीएससी तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रोशन आरा ने बताया कि विश्व एड्स दिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एड्स के बारे मे जागरूक किया गया।

एन.एस.एस. प्रभारी पुरूषोत्तम भुआर्य, रेड रिबन व रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी नेहा धुर्वे व महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक, कार्यालयीन स्टॉफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं भारतीय यूथ रेडक्रास सोयायटी के स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## किसानों की समस्याओं का समाधान करने का दिया आश्वासन

# मोहारा में हुई किसान संगोष्ठी, प्राधिकृत अधिकारी केशव ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

सेवा सरकारी समिति मोहारा में शपथ ग्रहण एवं किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। जिसमें प्राधिकृत अधिकारी केशव राम धनकर ने शपथ ली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सक संघ रायपुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे, अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोंडवाना समाज यूआर गंगराले ने की। विशिष्ट अतिथि संयोजक भाजपा शक्ति केंद्र मोहारा बोधराय हिरवानी, सहसंयोजक भाजपा शक्ति केंद्र मोहारा नीलकंठ साहू, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सेवा सरकारी समिति मोहारा सत्येंद्र कुमार साहू, कोषाध्यक्ष परी क्षेत्रीय साहू समाज कोसागोंदी कमलेश्वर प्रसाद सोनवानी, पूर्व सभापति ग्राम पंचायत मोहारा बसंत निर्मलकर, मुड़पार वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तुलसीराम साहू, बूथ अध्यक्ष ओझा गहन निगरानी समिति के सदस्य रोहित कुमार साहू, बहुर सिंग धनकर, धनुष राम सार्वा, दूजेंद्र कुमार साहू के आतिथ्य में शपथ ग्रहण किया गया। मुख्य अतिथि ने प्राधिककृत अधिकारी केशव रामधनकर को शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ गंजीर ने कहा कि सेवा सरकारी समिति के कर्मचारी के साथ मिलकर किसानों की हर समस्या का समाधान करेंगे और कोई भी समस्या आती है, उसका त्वरित समाधान हो इसके लिए सभी एक साथ मिलकर काम करेंगे। प्राधिकृत अधिकारी केशव राम धनकर ने कहा कि मैं सभी को एक साथ लेकर काम करूंगा और किसानों की समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अरमरीकला आरएस सिन्हा, सुपरवाइजर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अरमरी कला केदारनाथ साहू, सह प्रबंधक सेवा सरकारी समिति मोहारा तुलाराम सार्वा, बूथ अध्यक्ष मोहारा, मुकेश कुमार सार्वा, बूथ अध्यक्ष मोहारा कैलाश साहू, अंजोरी राम साहू, रूपचंद साहू, विजय निर्मलकर, गोपाल साहू, धनसाय साहू, सेवा सरकारी समिति मोहारा के सभी कर्मचारी एवं तीनों गांव के किसान भाई उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार आरएस सिन्हा एवं संचालन प्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक ने किया।




### छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पाटन।** घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीआई ने अनिल साहू ने बताया कि घर में घुसकर छेड़खानी करने वाले ग्राम धुमा पाटन निवासी उमेश ठाकुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घर में अकेली रह रही महिला के साथ छेड़खानी कर रहा था, चिल्लाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज